ग्रामीण विद्युतीकरण

*267. **श्री अनन्तराम जायसवाल:** क्या विद्युत मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) देश में इस समय कुल कितने गांव हैं जहां आज भी बिजली उपलब्ध नहीं है अथवा जहां बिजली उपलब्ध करवाने के संबंध में कोई योजना नहीं है;

(ख) वर्ष 1995-96 में सरकार द्वारा ग्रामीण विद्युतीकरण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई है और क्या ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य आरम्भ हो गया है; और

(ग) यदि हां, तो जून, 1995 तक कितने गांवों में बिजली उपलब्ध कराई गई और और शेष गांवों में कब तक बिजली प्रदान किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है?

विद्युत मंत्री (श्री एन०के०पी० साल्वे): (क) 31.3.1995 को उपलब्ध सूचना के अनुसार देश में 84,423 गांवों का विद्युतीकरण किया जाना शेष था।

(ख) वर्ष 1995-96 के लिए ग्राम विद्युतीकरण संबंधी कार्यों हेतु देश में 1166.91 करोड़ रुपये की राशि आबंटित की गई है। नई स्कीमों समेत देश के विभिन्न भागों में अनेक ग्राम विद्युतीकरण स्कीमों का कार्य जारी है।

(ग) चालू वित्त वर्ष के दौरान अप्रैल, 95 से जून, 95 के अंत तक 139 गांवों का विद्युतीकरण किया गया है। शेष गांवों को विद्युत की सुविधा उपलब्ध कराने का कार्यक्रम जारी है और ग्राम विद्युतीकरण संबंधी लक्ष्यों का निर्धारण वर्ष-प्रति वर्ष के आधार पर किया जाता है। वर्ष 1995-96 के दौरान 4,325 गांवों के विद्युतीकरण संबंधी कार्यक्रम का योजना आयोग ने अनुमोदन कर दिया है।

Rate of inflation

*268. **DR. RANBIR SINGH:**
SHRI JAGESH DESAI:

Will the Minister of FINANCE be pleased to state:

(a) whether the rate of inflation and wholesale price index has been coming down but on the other hand the prices of items of daily need are going up;

(b) if so, what benefit is derived out of the lowering of rate of inflation and WPI by the people;

(c) whether the Government has not been able to contain the rising prices in spite of repeated assurances to the effect; and

(d) the names of the items of daily need whose prices have increased during 1995 and by now much over the last three years?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI M. V. CHANDRASHEKHARA MURTHY): (a) and (b) Steady deceleration in the inflation rate observed since March this year implies that the rise in prices is much lower so far in the current financial year. In the first four months (April-July) wholesale prices rose by 2.8 per cent compared to 5.5 per cent rise in the corresponding period last year. Since the beginning of this financial year there has been an *absolute fall* in wholesale prices of a number of items of daily need including, wheat, atta, gram, eggs, coffee, fruits, rape/mustard oil, fibres and liquid vitamins. Out of 447 commodities whose wholesale prices are monitored, nearly 109 commodities recorded *absolute decline* in price after February, which is indicative of some relief to the people.

(c) and (d) Government remains vigilant and has taken a number of steps to moderate the growth in prices as a result of which the annual inflation rate as measured by wholesale price index fell from 12.2 per cent in February 1995 to 7.6 per cent (provisional) in July, 1995. In the first four months of current financial year (April-July, 1995) the overall increase in the prices of 30 essential commodities registered a rise of 5.5 per cent which is less than the rise recorded by them in the corresponding period in the last three years as shown below:

	Rise in wholesale price of essential commodities (%) (April-July)
1995-96	5.5
1994-95	8.4
1993-94	8.0
1992-93	6.9